जिलाधिकारी ने दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का लिया जायजा

बस्ती। दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस उपमहानिरीक्षक संजीव त्यागी, जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना और पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह देर रात तक अमहट घाट पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। वरिष्ठ अधिकारियों ने विसर्जन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश, बैरिकेडिंग और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए गए इंतजामों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।पुलिस उपमहानिरीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गये। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने भी विसर्जन



स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और आवागमन को सुचारु बनाए रखे । अधिकारियों ने कहा कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। घाट पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था बनाए रखने, बैरिकेडिंग को दुरुस्त रखने तथा भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। साथ ही किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं तैयार रखने को कहा गया।

प्रशासन की ओर से विसर्जन प्रक्रिया के दौरान घाट पर लगातार निगरानी रखी गई, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और प्रतिमा विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके।इस दौरान अपर जिलाधिकारी ज्ञान चन्द्र गुप्ता, मुख्य राजस्व अधिकारी कीर्ति प्रकाश भारती, उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार एवं राजेश यादव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका अंगद गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

प्रयोगों से नवाचार को नई दिशा दें विद्यार्थी- राम मनोहर

बस्ती। सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रामबाग-बस्ती में शिशु शिक्षा समिति, गोरक्ष प्रान्त के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय प्रांतीय वैदिक गणित, ज्ञान-विज्ञान मेला एवं संस्कृति महोत्सव-2026 में विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं नवाचार से जुड़े विविध प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। 27 अक्टूबर को विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री राम मनोहर ने विद्यार्थियों के प्रोजेक्टों का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए अधिकाधिक प्रयोग करने, नए विचारों पर कार्य करने तथा अपने मॉडलों को बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।इस अवसर पर शिशु शिक्षा समिति, गोरक्ष प्रान्त के प्रदेश निरीक्षक श्री राम सिंह जी, गोरखपुर संभाग के संभाग निरीक्षक अजय कुमार दूबे तथा बलिया संभाग के संभाग निरीक्षक कन्हैया चैबे ने भी विद्यार्थियों के प्रोजेक्टों का अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने अपने मॉडल और नवाचार संबंधी विचार प्रस्तुत किए। अतिथियों ने



उन्हें जिज्ञासा, रचनात्मकता एवं प्रयोगशीलता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।इसमें पाँच संकुलों के 479 भैया-बहन तथा सात आचार्य बंधु-भगिनी प्रतिभाग कर रहे हैं। मेले के अंतर्गत वैदिक गणित, विज्ञान, संस्कृति ज्ञान, प्रश्नमंच, गणित प्रदर्श, नवाचारित प्रोजेक्ट एवं आशुभाषण सहित विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं।समाचार लिखे जाने तक तरुण वर्ग के संस्कृति ज्ञान प्रश्नमंच में बस्ती संकुल के हिमांशु पटेल, नवाचारित प्रोजेक्ट में देवरिया संकुल के कृष्णा चैरसिया तथा आशुभाषण में अंशिका सिंह प्रथम रहे। गणित प्रदर्श में बस्ती संकुल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। किशोर वर्ग के विज्ञान प्रश्नमंच में देवरिया के कृष्णा गुप्ता तथा गणित पत्रवाचन में गोरखपुर की नंदनी पाण्डेय प्रथम रहीं। बाल वर्ग के विज्ञान प्रश्नमंच में बस्ती के कुशाग्र पाठक प्रथम रहे। शिशु वर्ग के संस्कृति ज्ञान प्रश्नमंच में बलिया संकुल तथा विज्ञान प्रदर्श में गोरखपुर संकुल प्रथम रहा। शेष प्रतियोगिताओं के परिणाम 28 अक्टूबर को आने की संभावना है।कार्यक्रम की प्रस्ताविकी प्रांतीय विज्ञान प्रमुख उमेश जी ने प्रस्तुत की। विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविन्द सिंह ने अतिथियों का परिचय कराते हुए अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन अंशुमान त्रिपाठी जी ने किया तथा सरस्वती बालिका विद्या मंदिर की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रियंका सिंह ने आभार व्यक्त किया।

पुलिस एवं सर्विलांस टीम के हत्या चढ़े दो शातिर चोर

हर्रैया(बस्ती)। स्थानीय पुलिस एवं सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम द्वारा सोमवार की देर रात चेकिंग के दौरान निपनिया मोड़ से दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पास से चोरी के 800 ग्राम चांदी का आभूषण, एक सोने की कील, तथा सामान बेंचकर रखा गया 22 हजार नगदी तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुआ।दोनों ने विभिन्न थाना क्षेत्र में हुए आधा दर्जन चोरी की घटनाओं को स्वीकार किया है।

पुलिस ने दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी स्वर्णिमा सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देश पर नकबजनी एवं चोरी की घटनाओं के रोकथाम के लिए चलाए जा रहे 10 दिवसीय विशेष अभियान के तहत सोमवार की देर रात प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, सर्विलांस के प्रभारी शेषनाथ यादव, थाने के उपनिरीक्षक अजय कुमार मिश्रा, कामेश्वर मिश्र, कांस्टेबल बृजेश मौर्य, राजेश मौर्य, पंकज यादव, तथा सर्विलांस के हेड कांस्टेबल देवेश कुमार यादव, कांस्टेबल संतोष यादव एवं किशन सिंह की टीम द्वारा निपनिया मोड पर चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो लोगों को संदिग्ध परिस्थितियों में रोका गया। पुलिस ने दोनों की तलाशी लिया तो उनके पास से आठ सौ ग्राम चांदी का आभूषण, एक सोने की कील तथा चोरी का सामान बेंचकर रखा गया 22 हजार दो सौ रुपया नगद बरामद हुआ। सीओ ने बताया कि हर्रैया थाने में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 304/2026 धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस में बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर गिरफ्तार अभियुक्तों को को न्यायायल के समक्ष पेश किया गया।

पूछताछ में दोनों ने अपना नाम बृजेश कुमार पुत्र चन्द्र प्रकाश राजभर निवासी गोसाईजोत थाना नगर एवं अमन गौतम पुत्र अजय कुमार गौतम निवासी रमया थाना हर्रैया बताया। दोनों ने स्थानीय थाने में दर्ज अपराध संख्या 304/26 धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस, अपराध संख्या 238/26 धारा 303(2) बीएनएस



थाना वाल्टरगंज में दर्ज अपराध संख्या 235/2026 धारा-303(2) बीएनएस, अपराध संख्या 233/2026 धारा 305(ए) बीएनएस, थानाकप्तानगंज में दर्ज अपराध संख्या 273/2026 धारा 305(ए) बीएनएस तथा थाना नगर में दर्ज अपराध संख्या 284/2026 धारा 303(2) चोरी की घटना की जिम्मेदारी लिया। बृजेश कुमार के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में भी मुकदमा दर्ज है। पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने बताया कि वे दोनो नशे के आदी है तथा अपने नशे की पूर्ति हेतु व महंगे शौक पूरे करने के लिए रेकी करके चोरियां करते हैं और चोरी का माल हाईवे पर ट्रक चालकों को औने-पौने दामों में बेच देते हैं। उनके द्वारा स्वीकार की गई घटनाओं में 4 दिन पूर्व खैरी ओझा गांव में बुजुर्ग महिला के तकिये के नीचे से चाबी निकालकर कमरे के बक्से से चांदी के 2 जोड़े पायल, 3 सिक्के, सोने की कील व ?5000 चुराना, विगत 26 सितम्बर को वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के सल्टौवा में निर्माणाधीन मकान का शटर काटकर जनरेटर अल्टरनेटर व ग्राइंडर चुराकर बेचने, पोखरभिटवा थाना वाल्टरगंज पंचायत भवन का ताला तोड़कर कंप्यूटर, प्रिंटर, डीवीआर व सोलर पैनल चुराकर ट्रक वाले को ?5000 में बेचने, कप्तानगंज के फेरसहन गांव में छत की ग्रिल तोड़कर ?35,000 व जेवरात चुराने, तीन माह पूर्व भदावल चौराहे से सफेद बुलेट चुराकर नेपाल बॉर्डर पर ?10000 में बेचना; तथा 23 अक्टूबर की रात थाना नगर बाजार से स्प्लेंडर प्लस संख्या यूपी 51 एएम 6902 चुराने की बात स्वीकार किया। उक्त घटनाओं में खर्च के बाद बचे कुल ?22,200 व जेवरात इन्हीं चोरियों के हैं जिन्हें लेकर वे इस चोरी की बाइक बेचने की फिराक में थे।

सपा नेता संदीप चौधरी ने अवधी क्रिएटरों को किया सम्मानित

हर्रैया(बस्ती)। अवधी भाषा को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया अवधी क्रिएटर सम्मान समारोह का भव्य आयोजन कस्बे में मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम में बस्ती के जनपद के अलावा गोंडा, अंबेडकरनगर, अयोध्या, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर सहित अन्य जनपदों से करीब 300 से अधिक अवधी क्रिएटरों ने जमावड़ा लगा रहा।

बिहार की धरती से क्रिएटर सुधांशु सिंह राजपूत ने कार्यक्रम में शिरकत किया जो चर्चा विषय बना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संदीप चौधरी ने किया। समारोह में सभी क्रिएटर्स ने अपनी मातृभाषा अवधी में शानदार प्रस्तुतियां देकर अपना जलवा बिखेरा। किसी ने अवधी गीत सुनाया तो किसी ने कॉमेडी और शायरी से लोगों को खूब हंसाया। उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से सभी कलाकारों की खूब वाहवाही लूटी। श्री चौधरी ने सभी अवधी



क्रिएटर्स को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि अवधी हमारी माटी की भाषा है, हमारी पहचान है।

आप सभी युवा अपनी भाषा को सोशल मीडिया के माध्यम से देश-दुनिया में पहुंचा रहे हैं, यह बहुत गर्व की बात है। व्यवसायी मनोज चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सपा की लहर चल रही है। आगामी विधानसभा चुनाव में किसान, नौजवान, महिलाएं सभी मिलकर भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने काम कर सपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने काम करेंगे। इस दौरान सुजीत कुमार चौधरी, सपा नेता आलोक पटेल, सुनील चौधरी, मनोज वर्मा, अनिल चौधरी, अजीत वर्मा, शनि वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

पशु आरोग्य मेले का आयोजन

दुबौलिया,हर्रैया (बस्ती)। स्थानीय विकास खंड अंतर्गत न्याय पंचायत सूदीपुर के ग्राम सभा पेठियालश्करी में पंडित दीनदयाल



उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौ पूजन एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि पूर्व मंडल उपाध्यक्ष दिनेशधर द्विवेदी एवं ग्राम प्रधान रघुनाथ यादव द्वारा किया गया। मेले में पशुपालन विभाग की योजनाओं राष्ट्रीय पशुधन बीमा कार्यक्रम, राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम, मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना, मिनी नंदिनी कार्य समृद्धि योजना, चारा विकास योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि ने पशुपालन से जुड़ने का अपील कर मेला का लाभ लेने को कहा। ग्राम प्रधान द्वारा टीकाकरण पशु बीमा आदि योजनाओं का लाभ लेने के लिए कहा गया। मेले में आये पशु चिकित्सा अधिकारी बहादुरपुर डॉ राजेश वर्मा द्वारा पशुओं में पशुओं के दौरान होने वाली समस्या सावधानी व निराकरण के बारे में बताया गया टीकाकरण में एफएमडी एमएस एलएसडी का टीका बड़े पशुओं में समय से लगवाने हेतु कहा गया। मेले में 132 बड़े पशुओं वह 315 छोटे पशुओं में नि:शुल्क चिकित्सा कृमि नाशक, गर्भ परीक्षण, कृत्रिम गर्भाधान आदि कार्य किया गया। मेले में सेवानिवृत्ति वेटरनरी फार्मासिस्ट योगेंद्र सिंह, वेटनरी फार्मासिस्ट इंद्र प्रताप नारायण उपाध्याय, पशुधन प्रसार अधिकारी धर्मेंद्र, अनुज, सचिन, विमल, मोहित राम, शुभम, राहुल, धर्मासागर यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

जल्द अगेती धान की कटाई कर फसल सुरक्षित कर लें-अशोक कुमार

बस्ती। किसान भाई 28 एवं 29 अक्टूबर 2026 को तूफान का खतराबंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र से उठ रहें चक्रवाती तूफान का असर 28 अक्टूबर 2026 से पूर्वी उत्तर प्रदेश में पड़ने की सम्भावना है इसके चलते बारिश के साथ 40 से 50 किमी0 प्रति घंटे की गति से तेज हवा चल सकती है।ऐसे में खेतो में पककर तैयार खड़ी धान की फसल को नुकसान पहुचनें की आशंका है। इसे दखते हुए किसानों को सलाह दी जा रही है कि वे जल्द अगेती धान की कटाई कर फसल सुरक्षित कर लें। खरीफ सीजन की प्रमुख फसल धान खेतों में तैयार खड़ी है। अगेती किस्मों की फसल पक चुकी है और किसान



भाई कटाई कर उसे समेटने में जुटे है। वही पछेती किस्मों की धान की फसल भी पकने की कगार पर है। ऐसे में मौसम में संभावित बदलाव से किसानों की चिंता बढ़ा रही है। यदि तेज हवा के साथ बारिश होती है, तो खेतों में खड़ी धान की फसल गिर सकती है। इससे दाने की गुणवत्ता प्रभावित होने के साथ उपज भी प्रभावित हो सकती है जिससे किसानों को नुकसान पहुचा सकता है।उपनिदेशक कृषि अशोक कुमार ने कंहा कि किसानों के सामने फसल को सुरक्षित रखने के साथ ही रबी सीजन की तैयारी की चुनौती भी है। उन्होने किसान भाईयो से अपनी फसल सुरक्षित करने की अपील की है।

सूचना अधिकार से जानकारी मांगा तो प्रधान के भतीजे ने मारा पीटा

बस्ती। रूधौली थाना क्षेत्र के मूड़ाडीहा निवासी प्रवीन चैधरी पुत्र दिनेश कुमार ने मंगलवार को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग किया है। डीएम और एसपी को दिये पत्र में प्रवीन चैधरी ने कहा है कि उन्होने रूधौली विकास खण्ड क्षेत्र के मूडाडीहा उर्फ भोपालपुर के ग्राम प्रधान अखिलेश कुमार द्वारा कराये गये विकास कार्यो के सूचना अधिकार से जानकारी मांगा था। उन्होने विकास कार्यो के जांच की मांग भी सम्बंधित अधिकारियों से किया था। इसे लेकर ग्राम प्रधान अखिलेश कुमार, उनके परिजन काफी नाराज थे। गत 26 अक्टूबर को प्रवीन चैधरी जब हनुमानगंज से वापस अपने गांव पुत्री प्रशंसा, पुत्र प्रतीक, एंजल के साथ जा रहे थे तो रंजिश को लेकर गांव के ही ग्राम प्रधान अखिलेश कुमार के भतीजे राजकुमार पुत्र विनोद ने ठोकर मार दिया। इससे वह बच्चों को लेकर गिर पड़े और उन्हें और बच्चों को चोटें आयी। शिकायत करने पर राजकुमार,



यशपाल व विजय पाल ने प्रवीन चैधरी को यह कहकर मारा पीटा कि प्रधानी की जांच कराओगे। आस पास के लोगों के आ जाने से उनकी जान बची।

प्रवीन चैधरी ने मामले की सूचना रूधौली थाने पर देकर दोषियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करने का आग्रह किया किन्तु पुलिस ने अभी तक उसे दर्ज नहीं किया। प्रवीन चैधरी ने मांग किया है कि दोषियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर उनके परिवार के जान माल की रक्षा कराया जाय।

सरदार वल्लभभाई पटेल प्रतिमा का अनावरण 31 को

बस्ती। रुधौली विधानसभा क्षेत्र के दसिया-महानुआ मार्ग स्थित ग्राम मुडबरा में लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण 31 अक्टूबर शनिवार को किया जाएगा। ग्राम प्रधान शिवेन्द्र चैधरी के नेतृत्व में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा नेता अखिलेश चैधरी विक्की ने प्रतिमा स्थापना और आयोजन के लिए 51 हजार रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया है।कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए भाजपा नेता अखिलेश चैधरी विक्की मौके पर पहुंचे। उन्होंने आयोजन से जुड़े लोगों के साथ व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की और कार्यक्रम को भव्य रूप देने में अपना सहयोग दिया। इस अवसर पर अखिलेश चैधरी विक्की ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा लोगों को उनके विचारों,



आदर्शों और राष्ट्र के प्रति समर्पण से प्रेरित करेगी। सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी। उनके विचार आज भी समाज को एकजुट रहने और राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम के आयोजक ग्राम प्रधान शिवेन्द्र चैधरी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण उनके अतुलनीय योगदान और राष्ट्र निर्माण में उनकी ऐतिहासिक भूमिका को स्मरण करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से लोगों को सरदार पटेल के विचारों से जोड़ने और समाज में एकता का संदेश देने का प्रयास किया जाएगा। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम को लेकर गांव में तैयारियां जारी हैं। आयोजकों की ओर से लोगों से कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की जा रही है।अमित चैधरी, संजय चैधरी, अंकित चैधरी, त्रिलोकी नाथ चैधरी, राजू चैधरी, तिलकराम विश्वकर्मा, अनिल शर्मा, पाटन दिन गौतम, धर्मेंद्र कनौजिया, रंजीत चैधरी, राजेंद्र यादव सहित अनेक लोग कार्यक्रम की सफलता के लिये निरन्तर सक्रिय है।

पिकअप ने ठोकर से बाइक सवार घायल

दुबौलिया,हर्रैया(बस्ती)। राम जानकी मार्ग के बभनपुरा गांव के पास बाइक सवार को पीछे से आ रही पिकअप ने ठोकर मार दिया जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार चिलमा बाजार निवासी अध्यापक संजय सोनी विद्यालय जा रहे थे। बभनपुरा के पास पहुंचे पीछे से पिकअप ने जबरदस्त टक्कर मार दिया जिससे वे गिरकर घायल हो गए। पास में खड़े 112 के पुलिस जवानों ने गाड़ी का पीछा कर उसे कब्जे में लिया और परिजनों को सूचना दिया। मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले आए जहां इलाज चल रहा है।

सचिवों की हड़ताल से सहकारी समितियों पर लटके ताले

बस्ती। नियमित वेतन की मांग को लेकर साधन सहकारी समितियों के सचिवों का आंदोलन जारी है। लखनऊ में सचिवों के धरने के चलते जनपद के अधिकांश सहकारी समतियों पर ताला लटक रहा है। संयुक्त सहकारी समिति



कर्मचारी संघ अध्यक्ष दिनेश कुमार उपाध्याय ने सरकार से मांग किया कि नियमित वेतन की मांग को स्वीकार किया जाय जिससे सचिवों और किसानों का संकट दूर हो। कहा कि दोनों एक दूसरे के पूरक है।संघ अध्यक्ष दिनेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि नियमित वेतन समेत लंबित मांगों को लेकर सचिव 22 अक्टूबर से लखनऊ में धरना दे रहे हैं। मांगों के समाधान के लिए आवाज उठाई जा रही है। जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा। उन्होने दावा किया कि बी. पैक्स बसडीला, सजनाखोर, बागडीह, महसनि, दरियापुर के साथ ही जनपद की सभी समितियां बंद है। कहा कि जब तक मांगे पूरी नहीं हो जाती काम काज बंद रहेगा।

निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत चलेगा विशेष अभियान

बस्ती। अर्हता तिथि 01.जनवरी .2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक क्षेत्रो की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत 21, 22, 28 और 29 नवंबर 2026 को विशेष अभियान चलाया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञान चन्द्र गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को अभियान की तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। अभियान के दौरान सभी निर्धारित पदाभिहित स्थलो पर पदाभिहित अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। मतदाताओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क स्थापित होंगी तथा नाम जोड़ने, हटाने और विवरणों में संशोधन के लिए निर्धारित फार्म - 6, 6ए, 7 एवं 8 इत्यादि उपलब्ध कराए जाएंगे।

पर्यावरणविद् डा. अनिल प्रकाश जोशी की 'प्रकृति साइकिल यात्रा' का डा. वी.के. वर्मा ने किया स्वागत

बस्ती। पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति संवर्धन के लिए अलख जगाने निकले देश के जाने-माने पर्यावरणविद् डा. अनिल प्रकाश जोशी की 'प्रकृति साइकिल यात्रा' मंगलवार को गोटवा पहुंची। वरिष्ठ चिकित्सक डा. वी.के. वर्मा ने उनका फूल मालाओं के साथ स्वागत किया।

डा. अनिल प्रकाश जोशी ने कहा कि मनुष्य का अस्तित्व तभी सुरक्षित है जब वह प्रकृति के साथ तादात्म्य स्थापित करे।

पटेल एसएम एच हास्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कालेज के प्रबंधक डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि प्रख्यात पर्यावरणविद पद्मश्री डॉ. अनिल प्रकाश जोशी की यह यात्रा केवल एक शारीरिक सफर नहीं है, बल्कि यह प्रकृति के प्रति गहरी संवेदना



और एक बड़े सामाजिक बदलाव का संदेश लेकर आई है। 16 सदस्यीय समर्पित टीम के साथ दो अक्टूबर को नेपाल के जनकपुर से शुरू हुई यह 4000 किलोमीटर लंबी साइकिल यात्रा देश के कई हिस्सों से गुजरते हुए लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक कर रही है। 80 की उम्र में डॉ. जोशी का यह अदम्य साहस और समर्पण हर किसी को हैरान भी कर रहा है और प्रेरित भी कर रहा है।

कहा कि पर्यावरण और जल-जंगल-जमीन को बचाना केवल सरकारों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह देश के हर नागरिक का परम कर्तव्य है. अगर हम आज जल की बर्बादी नहीं रोकेंगे, वर्षा जल का संचयन नहीं करेंगे और पेड़-पौधे नहीं लगाएंगे, तो आने वाली पीढ़ियों के पास जीने के लिए सुरक्षित वातावरण नहीं बचेगा।

स्वागत करने वालों में डा. वी.के. वर्मा के साथ अनेक क्षेत्रीय नागरिक, चिकित्सक, मेडिकल के छात्र उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत तीन दिवसीय ईसीसीई प्रशिक्षण शुरू

बस्ती। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र डिलिया में तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संदर्भदाता प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण का उद्घाटन सदर खंड शिक्षा अधिकारी विनोद त्रिपाठी और डीसी आलोक त्रिपाठी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण में बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ), नोडल एआरपी और नोडल शिक्षक संकुल प्रतिभाग कर रहे हैं। इसका उद्देश्य प्रारंभिक बाल्यावस्था में बच्चों के सर्वांगीण विकास, खेल आधारित शिक्षण पद्धति और बुनियादी दक्षताओं के विकास को बढ़ावा देना



है। प्रशिक्षण संदर्भदाता एसआरजी अंगद पाण्डेय एवं रुक्मणि देवी मिश्रा ने प्रतिभागियों को ईसीसीई की अवधारणा, प्रभावी शिक्षण प्रक्रियाओं तथा बच्चों के लिए सहज, रोचक और अनुकूल शिक्षण वातावरण तैयार करने की जानकारी दी। प्रशिक्षण के माध्यम से संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षकों की क्षमता संवर्धन कर प्री-प्राइमरी स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है।

इस अवसर पर सीडीपीओ जीतेंद्र कुमार, कृष्णवेंद्र कुमार यादव, देवेंद्र सिंह, देवेंद्र मिश्र, सचिन राय, एआरपी बब्बन पाण्डेय, ओंकार नाथ, मनोज कुमार उपाध्याय, संतोष त्रिपाठी, राजकुमार, उमाशंकर पाण्डेय, गरिमा त्रिपाठी, विजय प्रताप वर्मा, शिवांगी पाण्डेय, प्रिया मौर्या, अर्चना गुप्ता, रेखा देवी, आस्था पाण्डेय, आकांक्षा सिंह, रीता यादव, काजल दूबे, श्वेता सिंह और पुष्पवती सहित अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।